

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में आए कोरोना के नौ मामले, चार मरीज हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में सोमवार को कोरोना संक्रमण के नौ मामले सामने आए हैं। राज्य सरकार के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, सोमवार को चार व्यक्ति स्वस्थ हो गए। वहीं, राज्य में मात्र 26 लोग कोरोना संक्रमित हैं। प्रदेश में अब एक्टिव केस की संख्या महज 26 रह गई है। वहीं, दूसरी ओर रिकवरी रेट 96.19 पर पहुंच गया है। माना जा रहा है कि एक्टिव केस सिर्फ वही रहेंगे, जो राज्य में नए मामले सामने आ रहे हैं। सोमवार को उत्तराखंड में कोरोना का नौ नए मामला मिला। इस दौरान चार मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। वहीं, कोरोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। आज कोरोना संक्रमण दर 0.78 प्रतिशत रही।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव 3 मई को, शोभायात्रा 5 को

**संवाददाता** देहरादून। नगर की एक दर्जन ब्राह्मण संस्थाओं के संयुक्त मंच ब्राह्मण समाज महासंघ की बैठक में आगामी 3 मई अक्षया तृतया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निश्चय किया गया तथा 5 मई को शोभायात्रा निकालने व भव्य रूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्य संयोजक एस पी पाठक ने विप्र समाज को आह्वान किया कि वे 3 मई को भगवान परशुराम जी का पूजन करे, घर की छत पर ध्वज स्थापित करें तथा रात्रि में यथा 11 या 21 दीप जलाएं।

### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून, आजखबर। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं, का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। सारस्वत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने विस चुनावों में मिली हार के उपरान्त जिस जोश के साथ कार्यक्रम में शिरकत की उससे आने वाले समय में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### बिकानो ने शरबत की रेंज को फिर से किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादू। भारत की पसंदीदा स्नैक और पैकेज्ड फूड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी बिकानो ने हाल ही में 2022 की गर्मियों के लिए अपने शरबत की एक विस्तृत रेंज फिर से लॉन्च की है। इस शरबत की रेंज में रोज सिरप, ऑरेंज शरबत, खस सिरप, जीरा शिकंजी, बादाम ब्राह्मी और ठंडाई केसरिया प्रमुख हैं। ये शरबत अपनी नई पैकेजिंग में और भी आकर्षक लगते हैं। इनकी पैकेजिंग चिकनी है और ये शरबत आसानी से पकड़ में आने वाली बोतल के ढक्कन से बंद हैं।

# जनता को कोरोना के प्रति पूरी तरह से सचेत रहने की आवश्यकता

**लोकार्पण**

■ सीएम ने किया काशीपुर में प्राइम लाइफ केयर सुपर हॉस्पिटल का लोकार्पण

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को काशीपुर में रामनगर रोड स्थित प्राइम लाइफ केयर सुपर हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आधुनिक चिकित्सालय खुलने से क्षेत्र के आसपास के लोगों को बेहतर एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा डॉ. बोहरा जी की शामली क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी प्रसिद्धि रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि निजी अस्पतालों के सहयोग से सभी को स्वास्थ्य गारंटी मिले, साथ ही अटल आयुष्मान भारत योजना से ज्यादा से ज्यादा चिकित्सालय जुड़े, ताकि आम नागरिकों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य जगत के सभी अस्पतालों से पूर्व से ही इस योजना से जुड़ने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों को स्वास्थ्य गारंटी के सपने को साकार करते हुए आयुष्मान भारत योजना लांच की है, जिसमें सालाना 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कोरोना काल में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अपनी जान की परवाह किए बगैर जनता की देखभाल की गई जोकि प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कोरोना के बड़ रहे मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की जनता को भी कोरोना के प्रति पूरी तरह से सचेत रहने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि यद्यपि राज्य की शत प्रतिशत जनता को प्रथम डोज लग चुकी है तथा द्वितीय डोज भी शत प्रतिशत लगने की कगार पर है , उन्होंने कहा बूस्टर डोज भी राज्य में लगाने का कार्य किया जा रहा है परंतु फिर भी जनता को एहतियात बरतने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना चाहती है। पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त राज्य को बनाना हमारा उद्देश्य है जिसके लिए 1064 नंबर लांच किया गया है जिस पर कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहा इस संबंध में भ्रष्टाचार पर अभी तीन बड़ी कार्यवाही की गई है जबकि कई शिकायतें सर्विलांस पर हैं। उन्होंने कहा हमारे वादे के अनुसार हम यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द ही उत्तराखंड में लागू करेंगे। साथ ही सरकार ने पर्यावरण मित्रों का एक दिन का मानदेय बड़ाकर 500 रुपए कर दिया है। नए बजट में सरकार ने गरीब परिवारो हेतु एक साल में तीन सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है जो पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने उत्तराखंड में वृद्धावस्था पेशन योजना पर बड़ा फैसला लेते हुए अब पति–पत्नी दोनों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में हो तथा राज्य सुख शांति व समृद्धि की दिशा में लगातार आगे बढ़ता रहे यही हमारी संकल्पना है, हमारी सरकार का "विकल्प रहित संकल्प" के ध्येय वाक्य पर काम कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम में मेयर ऊषा चौधरी, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोरा, महेश जीना, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल के अलावा डॉ. अर्जुन बोहरा, दान सिंह नेगी, डॉ. मोनाल बोहरा, डीआईजी नीलेश आनंद भरणे, मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगाई, अपर जिलाधिकारी ललित नारायण मिश्र आदि उपस्थित थे।

# कम विद्युत कटौती करते हुए विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश

**समीक्षा**

■ मुख्य सचिव ने प्रदेश में सोर्स ऑफ एनर्जी बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर दिया बल

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड एवं उरेडा की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने उद्योग एवं आमजन की समस्याओं को देखते हुए यूपीसीएल को कम से कम विद्युत कटौती करते हुए विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी रोकने के साथ ही लाइन लॉस आदि को लगातार कम करने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने पेड़ों की लॉपिंग के लिए यूपीसीएल और वन विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि आंधी–तूफान जैसी परिस्थितियों में विद्युत लाइनें न टूटें और विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में सोर्स ऑफ एनर्जी बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूजेवीएनएल को सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भी काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन और भारत सरकार के स्तर पर लंबित सभी मामलों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए। मुख्य सचिव ने पिटकुल को उनके सभी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में फॉरेस्ट क्लियरेंस आदि के सम्बन्ध में वन विभाग के साथ संयुक्त बैठक कर प्रकरणों को निस्तारित करते हुए प्रोजेक्ट्स को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उरेडा को भी सोलर एनर्जी का उत्पादन बढ़ाए जाने हेतु अध्ययन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उन राज्यों, जिन्होंने सोलर एनर्जी के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है, द्वारा किए गए कार्यों और नवोन्मेषी सुझावों का भी अध्ययन कर राज्य में अपनाए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, तीनों निगमों के प्रबन्ध निदेशक सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### समय और गुणवत्ता के साथ पूरा हो सीवेज योजना का कार्य

**संवाददाता** ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नमामि गंगे परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक कर ऋषिकेश में सीवरेज प्रणाली के कार्यों में तीव्रता लाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सोमवार को बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय में हुई बैठक में नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव वर्मा ने बताया कि 462 करोड़ रुपए की धनराशि से जर्मन कंपनी केएफडब्लयू की ओर से ऋषिकेश में सीवरेज प्रणाली का कार्य चल रहा है। इसमें शहरीय क्षेत्रो के मुख्य मार्गों में सीवरेज लाइन पूर्व में डाली जा चुकी है, जिसका 26 एमएलडी का एसटीपी लक्कडघाट में है। उन्होंने बताया कि यह लाइन वर्तमान में संचालित हो रही है।

परियोजना अभियंता रविन्द्र गंगाड़ी ने काबीना मंत्री अग्रवाल को बताया कि वर्तमान में 180 किमी की सीवर लाइन बिछाने का काम नगर निगम के कुछ क्षेत्रों, श्यामपुर, गुमानीवाला, खदरी खडकमाफ में चल रहा है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।